# कार्यालय जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

सहायता अनुभाग रूम नं 12 कलक्ट्रेट सभा                                                   email Id-oicreliefswm@gmail.com

**क्रमांकः– सहा./बाढ़/क्षति.परि/2025/3157**                                                   **दिनांकः–** 16.09.2025

## प्रशासनिक स्वीकृति

मानसून वर्ष 2025 में बाढ़ /अत्यधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त चिकित्सा भवन की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत एवं पुनःस्थापना हेतु उपखण्ड स्तरीय समिति के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों व आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग राजस्थान जयपुर की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पत्रांक एफ.8(8)आ.प्र. एवं सहा/बाढ/प्रस्ताव/2025/RAJKAJRef17605962 दिनांक 08.09.2025 के अनुसार बाढ/अत्यधिक वर्षा से हुई क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत हेतु कुल 63 कार्यो हेतु राशि रूपये 106.62 लाख (एक करोड छः लाख बासठ हजार रूपये मात्र) की स्वीकृति प्रदान की गई है, की पालना में निम्नांकित कार्यो की प्रशासनिक स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है। इस राशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2025–26 में बजट मद 2245–02–107–02–01 के उपमद 21 से किया जावेगा।

| क्र. सं. | खण्ड | प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का नाम | क्षतिग्रस्त सम्पत्ति का नाम | एसडीआरएफ मानदण्डों के अनुसार राशि(लाखों में) | कुल अनुमानित राशि (लाखों में) | Restoration हेतु चिन्हित कार्यकारी एजेन्सी | Restoration हेतु उत्तरदायी अधिकारी का नाम/पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

RajKaj Ref No.: 17793651
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.16 11:40:14 IST
Reason: Approved

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सवाई माधोपुर | सी.एच.सी. सूरवाल | बाउन्ड्री | 2 | 1.95 | N.H.M | डॉ. अनिल कुमार जैमिनी CMHO |
| 2 | सवाई माधोपुर | पी.एच.सी. मखौली | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1.97 | N.H.M | |
| 3 | खण्डार | पी.एच.सी. बहरावण्डा कलाँ | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1.91 | N.H.M | |
| 4 | मलारना डूंगर | प्राथमिक स्वा. केन्द्र शेषा | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1.98 | N.H.M | |
| 5 | मलारना डूंगर | सामुदायिक स्वा. केन्द्र मलारना चोड | छत मरम्मत | 2 | 1.5 | N.H.M | |
| 6 | मलारना डूंगर | प्राथमिक स्वा. केन्द्र मलारना स्टेशन | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1.98 | N.H.M | |
| 7 | मलारना डूंगर | सामुदायिक स्वा. केन्द्र खिरनी | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1.6 | N.H.M | |
| 8 | मलारना डूंगर | सामुदायिक स्वा. केन्द्र खिरनी रेजीडेन्स | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1 | N.H.M | |
| 9 | मलारना डूंगर | सामुदायिक स्वा. केन्द्र भाडोती | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1.4 | N.H.M | |
| 10 | मलारना डूंगर | सामुदायिक स्वा. केन्द्र भाडोती रेजीडेन्स | छत एवं दिवार मरम्मत | 2 | 1.3 | N.H.M | |
| | **योग** | | | | **16.68** | | |

1.स्वीकृत राशि का व्यय करने हेतु लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 तथा योजना के दिशा
निर्देश, तत्संबंधी नियम /निर्देश व निर्धारित प्रकिया की पालना सुनिश्चित की जावे।
2.कार्यकारी एजेन्सी की यह पूरी जिम्मेदारी होगी कि वे एस.डी.आर.एफ. में अनुमत कार्य ही कराया जाना सुनिश्चित करे।
3.वित्तीय स्वीकृति जारी होने के उपरान्त ही मरम्मत कार्य प्रारंभ किये जावें। यदि बजट आवंटन से पूर्व कोई कार्य प्रारंभ कर लिया जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित कार्यकारी ऐजेन्सी की होगी।
4.स्वीकृत कार्यो को प्रारंभ किये जाने की दिनांक से 30 दिवस के अंदर –अंदर पूर्ण करना होगा।
5.यदि विभागीय बजट में संधारण एवं मरम्मत मद में कोई राशि उपलब्ध है तो उसके पूर्ण उपयोग के बाद ही एस.डी.आर.एफ. में स्वीकृत राशि का उपयोग किया जावेगा। उक्त आशय का प्रमाण पत्र इस कार्यालय को भिजवाया जावे।
6.कार्यो की तकनीकी स्वीकृति विभागीय नियमों के अनुसार जारी कर तकनीकी स्वीकृति एवं तकमीना की एक प्रति 3 दिवस में इस कार्यालय को भिजवाई जावे।
7.तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत ही कार्यो की वित्तीय स्वीकृति जारी की जावेगी। वित्तीय स्वीकृति जारी होने के उपरांत ही कार्य प्रारंभ कराये जावे।
8.मरम्मत कार्यो का निरीक्षण भी उपखण्ड स्तरीय समिति द्वारा किये जाने के उपरांत ही भुगतान किया जावेगा।
9.स्वीकृत कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किये जाने है व आंवटित राशि का उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में किया जाना है
10.तात्कालिक मरम्मत के कार्यो से संबंधित देनदरियां आगामी वित्तीय वर्ष में ले जाने पर उनका भुगतान कार्यकारी संस्था द्वारा स्वयं के बजट मद से किया जावेगा।
11.विभाग द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों एवं परिपत्रों की पालना की जावे।

**(काना राम)**
**जिला कलेक्टर**
**सवाई माधोपुर**

**क्रमांकः– सहा./बाढ़/क्षति.परि/2025/**3158-63
**दिनांकः–** 16.09.2025

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. शासन सचिव आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. संभागीय आयुक्त भरतपुर संभाग भरतपुर।
3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सवाई माधोपुर को भेजकर लेख है कि तकनीकी स्वीकृति 3 दिवस जारी की जाकर मय तकमीना इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करे।

Rajkaj Ref No.:
17793651
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.16 11:40:14 IST
Reason: Approved

4. उप जिला कलेक्टर, समस्त सवाई माधोपुर।
5. तहसीलदार समस्त, सवाई माधोपुर।
6. जिला जनसम्पर्क अधिकारी सवाई माधोपुर।

जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

RajKaj Ref No.:
17793651
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.16 11:40:14 IST
Reason: Approved